




नवभारत

भोपाल, बुधवार, 06 मई, 2026


## एक नजर में



### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ प्रारंभ, निकली कलश यात्रा

**शाहगंज.** समीपस्थ ग्राम आमोन में सोमवार से सात दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ प्रारंभ हो गया है. आयोजन की शुरुआत नर्मदा जल कलश यात्रा से हुई जिसमें अनेक शामिल हुए .बांद्राभान से यज्ञाचार्य प्रेमाचार्य महाराज के सानिध्य में मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर नर्मदा जल लेकर शुरू हुई कलश यात्रा ग्राम जहानपुर, शाहगंज, डोबी से होते हुए यज्ञ स्थल आमोन पहुंची. श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रतिदिन प्रवचन होंगे. मुख्य प्रवचनकर्ता कमाता नाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु रामस्वरूपाचार्य जी महाराज व निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार से बाल साध्वी पुष्पांजलि गिरी होंगी. प्रवचन प्रतिदिन दोपहर बारह से दो बजे और दो से पांच बजे तक होंगे.




### नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए रथ रवाना

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट के प्रचार-प्रसार के लिए जिला न्यायालय परिसर से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर नेशनल लोक अदालत मेंलंबित एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए. सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित व प्रि लिटिगेशन प्रकरणों के संबंध में छूट के निर्देश जारी किए गए हैं.



### वास्तवार बने दिव्यांग कल्याण के राष्ट्रीय विधि सलाहकार

**सीहोर.** राष्ट्रीय दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद के अध्यक्ष हिम्मत सिंह तोमर सचिव अजमेर सिंह पाल द्वारा अधिवक्ता श्रवण कुमार वास्तवार को दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद के राष्ट्रीय विधि सलाहकार के पद पर मनोनित किया गया है. वास्तवार को बधाई देने वालों में कुतुबुद्दीन शेख, केजी बैरागी, नरेन्द्र खंगराले, संतोष सिंह, पुरुषोत्तम यादव, मनीष राठौर, संजय पटेल, अनुज श्रीवास्तव, विजय सक्सेना, मनोज त्यागी तथा जितेन्द्र यादव, सतीष यादव, राजा यादव, मनीष राठौर, राजेश राठौर, मो.इदरीस कुरैशी, मो.लईक कुरैशी आदि स्नेहीजन शामिल हैं.




### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 57 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.




### बेजुबान पक्षियों के लिए नपा ने वितरित किए पानी के सकोरे

**आष्टा.** नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नागरिकों को मिट्टी के सकोरे नि:शुल्क वितरित किए. मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा की नगर सरकार केवल नगरवासियों की सुविधाओं की ही चिंता नहीं करती, बल्कि पर्यावरण और मूक जीव-जंतुओं के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी समझती है। यह सकोरे वितरण उसी सेवा भाव का एक हिस्सा है. मेवाड़ा ने नागरिकों से अपील की कि वे इन सकोरों को अपने घर की छतों, बाल्कनी या पेड़ों पर टांगें और नियमित रूप से इनमें स्वच्छ पानी भरें. नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के निर्देश पर पूर्व में नगर के सार्वजनिक स्थानों पर नगरपालिका द्वारा पशुओं के लिए पानी की ठेल स्थापित करवाई गई थी, अब नागरिकों के लिए शुद्ध शीतल पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकें इसके लिए नए फिल्टर प्लांट गेट के समीप अत्याधुनिक नवीन वॉटर कूलर स्थापित करवाया गया, जिसका भी नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा एवं परिषद सदस्यों ने शुभारंभ किया. कार्यक्रम में परिषद के साथियों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई.

# नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना से 11 गांव बाहर

## मंगलवार को नक्शे लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कई गांवों के किसानों ने दी आंदोलन करने की चेतावनी



**सीहोर.** नर्मदा- पार्वती लिंक परियोजना से वंचित रह गए इछावर क्षेत्र के ग्रामों के किसान नक्शे लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 5 मई. जिले की इछावर तहसील के 11 गांवों के किसानों ने नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना से वंचित किए जाने का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध दर्ज कराया. किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे.**

- ▶ किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- ▶ किसानों का कहना सभी गांव असिंचित क्षेत्र में आते हैं

सरकार की महत्वाकांक्षी नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना का कार्य जिले में चार चरणों में प्रगति पर है, लेकिन इछावर तहसील के कई गांवों के किसानों का आरोप है कि उन्हें इस योजना के लाभ से जानबूझकर वंचित किया जा रहा है. मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. किसानों के अनुसार, ग्राम दुदलाई, दौलतपुर, रघुनाथपुरा, रूपडदी, रूपदाह, गाड़िया गोड़ी, खुर्द बावड़िया, गोसाई, लाल्याखेड़ी, कुंडीकाल और हरासपुर सहित कुल 11 गांवों को योजना से बाहर कर दिया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले चार वर्षों से लगातार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं मिला है.

किसानों ने बताया कि ये सभी गांव असिंचित क्षेत्र में आते हैं, जहां आजीविका का मुख्य आधार खेती और पशुपालन है. उन्होंने कहा कि नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना की लाइन का प्रवेश इन्हीं गांवों से हुआ था और वर्ष 2018 में आष्टा में भूमि पूजन के समय जारी नक्शों में इन गांवों को फेस-1 और फेस-2 में शामिल किया गया था. लेकिन बाद में संशोधित योजनाओं में इन्हें बाहर कर दिया गया.

कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वे सभी 11 गांवों के ग्रामीणों के साथ धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे. उन्होंने मांग की है कि सभी वंचित गांवों को पुन: नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना में शामिल किया जाए और उन्हें सिंचाई का लाभ दिया जाए. ज्ञापन सौंपने के दौरान सुआलाल जाट, कैलाश प्रसाद, योगेश जाट, विष्णु बना, गणेश, कचरू बामनिया, देवीलाल जाट, लक्ष्मी नारायण वर्मा, प्रेमनारायण बागवान, कमलेश शर्मा, प्रेम जाट, देवराज मालवीय, कुलदीप, कपिल पटेल, महेश जाट, आशीष पटेल, दिनेश, देवीशंकर जाट और अमृतलाल उपस्थित रहे. किसानों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन व्यापक रूप ले सकता है.

### किसानों का कहना, प्रशासन बार-बार कर रहा भ्रमित

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा बार-बार उन्हें भ्रमित किया गया. पहले कहा गया कि इन गांवों को फेस-3 और फेस-4 में जोड़ा जाएगा, जबकि ये क्षेत्र फेस-1 और फेस-2 की कमांड में आते हैं. इसके बाद कोलार परियोजना से पानी देने का आश्वासन भी दिया गया, जो अब तक पूरा नहीं हुआ. किसानों ने यह भी बताया कि नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-25, नर्मदानगर (जिला खंडवा) द्वारा 13 जनवरी 23 को एक प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेजा गया था, जिसकी प्रति किसानों को भी दी गई थी। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. संकल्प से समाधान शिविर में भी किसानों ने अपनी मांग रखी थी, लेकिन वहां भी समाधान नहीं निकला, जिससे वह काफी निराश व आक्रोशित हैं.

## सोलर प्लांट की केबल चोरी करने वाले धराए



**बुधनी.** गत 30 अप्रैल को थाना क्षेत्र के ट्राईडेंट कंपनी के सोलर प्लांट की केबल काटकर ले जाने वाले चार चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तार बरामद किया है. इस मामले में मो. सोराब पठान पिता मो. समीम पठान उम्र 28 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी मेन चौराहा करोंद भोपाल, राजू खां पिता छोटे खां उम्र 38 साल निवासी ग्राम हकीमपुर खोयरा थाना जावर जिला सीहोर, नदीम खान पिता इमरान खान उम्र 20 साल निवासी विश्वकर्मा नगर करोंद भोपाल और सद्दाम खान पिता छोटे खां उम्र 34 साल निवासी ग्राम हकीमपुर खोयरा थाना जावर के कब्जे से चोरी गए सोलर केवल का जला हुआ कापर एवं अल्टो कार को जप्त कार आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय बुदनी में पेश किया गया. पुलिस का कहना है कि प्रकरण में अन्य दो आरोपी फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है.

## 30 तक जमा होंगे तीर्थ दर्शन यात्रा के आवेदन

**सीहोर.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 13 से 18 जून तक जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी. वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई है. आवेदन विभागीय वेबसाइट से प्राप्त कर पोर्टल के माध्यम से ही दर्ज किए जा सकते हैं. अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आवेदकों का चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा. 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति, जो अकेले यात्रा करने के लिए आवेदन करते हैं, उन्हें एक सहायक साथ ले जाने की पात्रता होगी.जबकि पति-पत्नी के साथ यात्रा करने की स्थिति में सहायक की अनुमति नहीं होगी.

# अजब- गजब ! मृतक महिला के नाम पर भी कर डाला बीमा

- ▶ महिला के निधन के कई महीने बाद हुआ प्रधानमंत्री बीमा
- ▶ बीमा किश्त कटने पर परिजनों को करतूत का पता चला

**नवभारत न्यूज**

**सलकनपुर 5 मई.** क्षेत्र में बैंकिंग व्यवस्था और बीमा प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा करने वाला एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. रेहटी निवासी पान व्यवसायी राधेश्याम पंसारी की पत्नी छाया बाई पंसारी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो चुका था, लेकिन आरोप है कि निधन के महीनों बाद उनके नाम पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा सक्रिय कर दिया गया और खाते से प्रीमियम की पहली किस्त राशि भी काट ली गई. मामला सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर बैंकिंग प्रक्रिया और दस्तावेज सत्यापन प्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं.

पीड़ित परिवार के अनुसार, पत्नी का निधन 29 जनवरी 25 को हुआ था. निधन के करीब 7 महीने बाद 20 सितंबर 25 को जब बैंक खाते से प्रीमियम कटने का मोबाइल में संदेश मिला, तब उन्हें इसकी जानकारी हुई. इसके बाद परिवार ने बैंक शाखा से संपर्क किया और आपत्ति दर्ज कराई. मामला अब कानूनी कार्रवाई की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है.

राधेश्याम पंसारी ने भावुक होते हुए कहा, मेरी पत्नी अब इस दुनिया में नहीं हैं. उनके निधन के बाद उनके नाम पर बीमा होना और खाते से प्रीमियम कटना मेरे परिवार के लिए बेहद पीड़ादायक है. यह सिर्फ एक तकनीकी गलती नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं और सम्मान के साथ भद्दा मजाक है. टार्गेट के चलते किसी का भी उठा कर बीमा कर देते है. जिसका खामियादा बैंक के हुक्मरानों को भोगना पड़ेगा. यदि मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं न्यायालय का दरवाजा खटखटाऊंगा.

मामले में बैंक ऑफ इंडिया की रेहटी शाखा के बैंक मेनेजर शैलेश शुक्ला का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है और इसकी आंतरिक जांच कराई जा रही है, वहीं हमारे द्वारा बीमा क्लेम रजिस्टर्ड कर दिया गया है. यदि दस्तावेज सत्यापन या प्रक्रिया में किसी स्तर पर त्रुटि हुई है, तो उसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी.




बीमा और बैंकिंग मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी जीवन बीमा योजना में ग्राहक की पात्रता, जीवित स्थिति और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य प्रक्रिया का हिस्सा होता है. किसी भी बीमा की शुरुआत से पहले आवेदक के हस्ताक्षर एवं उसकी अनुमति जरूरी है विशेषज्ञों के मुताबिक, यदि किसी मृत व्यक्ति के नाम पर बीमा सक्रिय हुआ है, तो यह गंभीर प्रक्रियात्मक चूक मानी जा सकती है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है.

# कई शहरों से वाहन चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- ▶ कोतवाली पुलिस ने मास्टर माइंड सहित 3 आरोपी पकड़े
- ▶ आरोपियों के कब्जे से 10 लाख के वाहन बरामद

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 5 मई.** कोतवाली पुलिस ने अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 10 लाख रुपए के ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य वाहन बरामद किए हैं. यह गिरोह सीहोर सहित मंडी, इछावर, पार्वती और शुजालपुर क्षेत्र में सक्रिय था.

पुलिस के अनुसार देव राय ने 29 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मुरली नाका रोड स्थित रेत के पीठे से उसका ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चोरी हो गया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की.



टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपियों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया. आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली भोपाल के भौंरी क्षेत्र से बरामद किया गया. साथ ही गिरोह द्वारा मंडी, इछावर, पार्वती व शुजालपुर क्षेत्र में भी कई वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात सामने आई. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक ट्रैक्टर, दो ट्रॉली, चोरी में प्रयुक्त कार एवं बाइक सहित 10 लाख रुपए के वाहन जब्त किए हैं. गिरफ्तार आरोपियों में पवन चोडिया उर्फ लल्ला, कृष्ण उर्फ कृष्ण गोस्वामी एवं रोहित वर्मा शामिल हैं.पुलिस के अनुसार गिरोह लोडिंग वाहन, पिकअप, एलपीडी, टवेरा एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली को निशाना बनाता था. अन्य थानों को भी आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना दी गई है.

## दिन- दहाड़े ट्रक कटिंग कर ले गए माल

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 5 मई.** क्षेत्र में इन दिनों ट्रक कटिंग की वारदातें तेजी से बढ़ रही हैं. आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर मैना जोड़ के पास एक ट्रक कटिंग का वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में एक बदमाश चलती बाइक से ट्रक के ऊपर चढ़कर ट्रक में भरा माल उतारते नजर आता है. यही नहीं तेज रफ्तार ट्रक से बदमाश आसानी से उतरकर अपने अन्य साथियों के साथ रफूचक्कर होते भी नजर आ रहा है. हालांकि पार्वती पुलिस इस तरह की किसी भी घटना की सूचना नहीं होने की बात कह रही है.

नेशनल हाईवे आष्टा-शुजालपुर पर चलती ट्रक से सामान चोरी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. बताया जाता है कि मैना और तिलावद के बीच हुई ट्रक कटिंग की इस वारदात में बिना नंबर की बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने ट्रक का पीछा किया. इनमें से एक बदमाश ट्रक पर चढ़ गया. उसने रस्सी काटकर तिरपाल हटाई और कुछ ही मिनटों में दो बड़े बॉक्स नीचे फैंक दिए. इसके बाद आरोपी चलते ट्रक से उतरकर सामान समेटकर भाग गए. ट्रक के पीछे चल रहे वाहन चालकों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो दो दिन पहले का बताया जा रहा है. हालांकि पार्वती थाना प्रभारी हरिसिंह परमार ने बताया कि मैना जोड़ के पास ट्रक कटिंग को लेकर कोई भी शिकायत नहीं आई है.

## कृष्णा ब्लास्टर ने गणेश टायर को दी शिकस्त

**सीहोर.** शहर के बीएसआई मैदान पर विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. मंगलवार को खेले गए मैच में कृष्णा ब्लास्टर ने गणेश टायर को 21 रन से हराया. इस मैच में कृष्णा ब्लास्टर की ओर युरेश भारती ने 30 गेंद पर 74 रन की विस्फोटक पारी खेली, वहीं उज्जवल ने छह ओवर में मात्र 29 रन देकर चार विकेट हासिल किए. जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, आदर्श राय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने 30.2 ओवर में दस विकेट खोकर 209 रन बनाए थे. लक्ष्य का पीछा करने उतरी गणेश टायर की पूरी टीम 34 ओवर में 188 रन पर सिमट गई. इसमें जितेन्द्र जायसवाल ने 90 गेंद पर 94 रन, अतुल त्रिवेदी ने 14 रन और इशान ने 13 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली.

**ज्ञापन** ▶ विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

# गौवंश के हत्यारों और चमड़े के कारोबारियों पर लगे रासुका

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 5 मई.** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत और जिला पदाधिकारियों में प्रशासन द्वारा गौ परिवहन, गौ हत्या, गोमांस का विक्रय और गौमाता के चमड़े से संबंधित आरोपियों व्यापारियों पर सख्त कार्रवाही नहीं किए जाने को लेकर कड़ा आक्रोश बना हुआ है.

विहिप के सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में गोपाल राठी, अजीत शुक्ला,विवेक राठौर, भानू सिंह राजपूत,मोहन भाटी, रेवाशंकर जाट, कमलेश कुकुंदा, प्रभात मेवाड़ा, जगदीश कुशवाह ने मंगलवार को कलेक्टर बालागुरू से मिलकर मांग पत्र दिया. विहिप ने गौवंश की हत्या करने वालों और गौ चमड़े का अवैध व्यापार करने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा लगाकर गिरफतार करने और उनके मकानों दुकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग की. विहिप ने कहा कि आठ दिनों में प्रशासन आरोपियों पर कार्वाही नहीं करता है तो बजरंग दल स्वयं ही आरोपियों पर कड़ा एक्शन लेगा.

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और सकल हिंदू समाज ने जिला प्रशासन को अत्यंत गंभीर, संवेदनशील एवं जनभावनाओं से जुड़े विषय को लेकर कहा कि कस्बा क्षेत्र में स्थित बूचडखाने के पास गौमाता के गोमांस एवं चमड़े को बेचने के उद्देश्य से गौ माता को निर्मम तरीके से काटा गया, जिसकी सूचना सकल हिंदू समाज को प्राप्त होते ही सकल हिंदू समाज में रोष की भावना उत्पन्न हो गया था लेकिन प्रशासन के द्वारा ठोस कार्वाही नहीं की गई. इसी प्रकार कांकरखेड़ा स्थित अल्फा प्रोटीन नामक चमड़ा फैक्ट्री में 27 अप्रैल को गौमाता के चमड़े के अवैध व्यापार की घटना सामने आई. उक्त फैक्ट्री के विरुद्ध भी प्रशासन के द्वारा कोई भी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही नहीं की गई. फैक्ट्री संचालक आज भी अपनी फैक्ट्री चला रहा है, फैक्ट्री के जिस हिस्से में उक्त गौमाता का चमड़ा पाया गया था उसको प्रशासन के द्वारा सील नहीं किया गया. इसके पूर्व भी गौमाता के परिवहन, गोमांस, गौ हत्या एवं गौमाता के चमड़े की घटनाएं जिले में हो चुकी हैं, परंतु प्रशासन की लचर कार्यशैली के कारण घटनाएं और अधिक हो रही हैं. इन पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रशासन द्वारा ठोस एवं कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए.

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौमाता के चमड़े, गोमांस, गौमाता का परिवहन करने वाले वाहन को जब्त कर उसका रजिस्ट्रेशन निरस्त कर वाहन को राजसात किया जाए. गौमाता को काट कर गोमांस खरीदने व बेचने वाले दोषी व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही की जाए और उन सभी व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर उनकी दुकानें सील की जाएं, जिन-जिन दुकानों पर गोमांस की सप्लाई की गई. उन्हें चिन्हित किया जाकर उन दुकानों के पास खाद्य विभाग की परमिशन है या नहीं जांच की जाए. उक्त दुकानों को चिन्हित कर तोड़ा जाए. दुकानदारों पर रासुका.की कार्यवाही की जाए. गौमाता के परिवहन, गोमांस, गौहत्या एवं गौमाता के चमड़े के व्यापार में जो-जो व्यक्ति लिप्त हैं उन सभी व्यक्तियों के मकानों को चिन्हित कर मकान तोड़े जाएं एवं इन सभी लोगों के खिलाफ रासुका की कार्यवाही की जाए.

